Training & Placement Cell

Dr. A.P.J. ABDUL KALAM UNIVERSITY, INDORE

Date : 24th September, 2022

Guideline for SBI Bank PO Examionation for eligible students

BANK JOBS एमपी के 7 और छत्तीसगढ़ के 3 शहरों में होगी परीक्षा

एसबीआई बैंक पीओ के फेज-3 में पहली बार आयोजित होगा साइकोमैट्रिक टेस्ट

1673 ऑफिसर्स के पदों पर किया जाएगा रिक्रूटमेंट

हाल में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सेंट्रल रिक्रूटमेंट एंड प्रमोशन डिपार्टमेंट ने प्रोबेशनरी ऑफिसर्स के 1673 पदों पर वैकेंसी निकाली है। परीक्षा तीन चरणों में होगी। प्रिलिमिनरी एग्जाम के बाद मेन और इसके बाद तीसरे फेज में साइकोमैट्रिक टेस्ट, इंटरव्यू व ग्रुप एक्सरसाइज होगी। परीक्षा में पहली बार साइकोमैट्रिक टेस्ट का प्रावधान किया गया है। यह टेस्ट उम्मीदवार की स्किल्स, नॉलेज, एप्टीट्यूट और जॉब/एकेडमिक दक्षता को जांचने के लिए आयोजित किया जाता है। एक्सपर्ट के अनुसार बहुत कम एग्जाम्स में इस प्रकार का टेस्ट अंतिम चरण में लिया जाता है। कुल 1673 पदों में से 1600 पद रेग्युलर वैकेंसी व 73 पद बैकलॉग के रहेंगे। प्रिलिमिनरी एग्जाम मध्यप्रदेश के भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, सतना, सागर और उज्जैन में आयोजित होगा। मेन परीक्षा भोपाल व इंदौर में होगी। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ में प्री परीक्षा भिलाई, बिलासपुर और रायपुर में आयोजित की जाएगी। वहीं मेन एग्जाम रायपुर के परीक्षा केंद्रों पर आयोजित किया जाएगा।

परीक्षा का शेड्यूल...2 से 3 माह का समय रहेगा प्री व मेन के बीच

- **22 सितंबर से 12 अक्टूबर**
  रजिस्ट्रेशन, एडिटिंग और फीस का भुगतान
- **दिसंबर का पहला व दूसरा सप्ताह**
  एडमिट कार्ड जारी करने का समय
- **17 से 20 दिसंबर**
  फेज-1 में प्रिलिमिनरी एग्जाम की तारीखें
- **दिसंबर 2022/जनवरी 2023**
  फेज-1 के प्रिलिमिनरी एग्जाम का परिणाम
- **जनवरी 2023/फरवरी 2023**
  फेज-2 में मेन एग्जाम का समय
- **फरवरी 2023**
  फेज-2 में मेन एग्जाम का परीक्षा परिणाम
- **फरवरी/मार्च 2023**
  साइकोमैट्रिक टेस्ट, इंटरव्यू और ग्रुप एक्सरसाइज
- मार्च में सभी चरणों को मिलाकर फाइनल परिणाम

कैटेगिरीवार सीट्स की संख्या

अनरिज्वर्ड	648
ईडब्ल्यूएस	160
ओबीसी	464
एसटी	131
एससी	270

नोटः वैकेंसी बैकलॉग व रेग्युलर

इतने अंकों का होगा प्री पेपर

प्री में अंग्रेजी के 30 व क्वांटिटिव एप्टीट्यूट व रीजनिंग एबिलिटी के 35-35 सवाल पूछे जाएंगे। 100 सवालों को हल करने के लिए 60 मिनट का समय मिलेगा।

मेन एग्जाम में मार्किंग स्कीम व समय सीमा

ऑब्जेक्टिव टेस्ट

पेपर	सवाल	अंक	समय
रीजनिंग एंड कंप्यूटर एप्टीट्यूट	40	50	50
डेटा एनालिसिस एंड इंटरप्रिटेशन	30	50	45
जनरल/इकोनॉमी व बैंकिंग अवेयरनेस	50	60	45
इंग्लिश लैंग्वेज	35	40	40
कुल	155	200	180
डिस्क्रिप्टिव पेपर (लैटर राइटिंग एंड एस्से)			
इंग्लिश लैंग्वेज	2	50	30

नोटः समय मिनट में

Regards,

ANIL MISHRA
(Training & Placement Officer)